हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 12 मई 2024

04 कलेक्टर ने अतिक्रमणकारियों को दिए निर्देश, दो दिन में ...

07 पर्यटकों को मिली शुकुन ओर शांति की जगह, मिल...




### सुरक्षा की दृष्टि से वन विभाग कर रहा जंगली जानवरों की निगरानी

# शिकार की तलाश में जंगली सूकरों के झुंड के पीछे लगा रहा टाइगर

पचमढ़ी के घने जंगलों में टाइगर और बाघ की बढ़ती मूवमेंट पर्यटकों को लुभा रही है। शुक्रवार को एक टाइगर ने शिकार के लिए जंगली सूकरों के झुंड पर हमला करने का प्रयास किया। हालांकि वह सफल नहीं हो सका, लेकिन पर्यटकों को टाइगर का मूवमेंट लुभाता रहा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

यूं ही पचमढ़ी को पर्यटकों के लिए जन्नत नहीं कहा जाता। तकरीबन साल भर कम तापमान वाला मौसम और जंगली जानवरों के दीदार यहां पर्यटकों के पैसे वसूल करवा देता है। शुक्रवार देर रात पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्र में टाइगर की मूवमेंट देखने को मिली। टाइगर जंगली सूकरों के एक झुंड के पीछे लगा हुआ था। शिकार की तलाश में लगातार झुंड के पीछे लगा रहने के बाद टाइगर को असफलता ही हाथ लगी और वह अपना मार्ग बदल दूसरी दिशा की ओर बढ़ गया।

#### आइए जानते हैं टाइगर के शिकार करने से जुड़ी कुछ खास बातें

बाघों के शिकार संबंधी प्राथमिकताओं को देखें तो जंगल में वह अलग-अलग जानवरों को शिकार करने के लिए जाने जाते हैं जिनमें हिरण जंगली सूअर और यहां तक जंगली भैंस भी शामिल है। हालांकि राजा तो राजा है इतने विकल्प होने के बावजूद वह कुछ खास जानवरों पर ही चयनात्मक शिकार पर निर्भर रहता है। आमतौर पर बाघ के शिकार के चयन को कई कारक प्रभावित कर सकते हैं जैसे जिस जगह टाइगर का मूवमेंट है उसे जगह या उस जंगल में कौन से जानवर हैं जो आमतौर पर पाए जाते हैं। एक बड़ा कारक और यह है कि ऐसा कौन से जानवर का झुंड है जिसमें बच्चों की संख्या ज्यादा हो जहां शिकार किए जाने की संभावना 100 प्रतिशत हो उस पर भी बाघ चयन करता है।

#### सफलता पूर्वक शिकार

बाघों की शक्ति ही है जो शिकार को 100 प्रतिशत सफल बनाने में सबसे बड़ी सहायक होती है। बाघों के शरीर की संरचना को देखें तो उनके मजबूत पैर और नुकीले नाखून वाले पंजे शिकार को जल्दी करने में मदद करते हैं। बाघों का जबड़ा भी बेहद ताकतवर होता है जो सीधे शिकार की गर्दन पर वार करता है और शिकार को जल्द से जल्द दम तोड़ने पर मजबूर करता है।

बाघ भी अविश्वसनीय रूप से गुप्त होते हैं, उनके अद्वितीय कोट पैटर्न के कारण जो उन्हें अपने परिवेश में घुलने-मिलने में मदद करते हैं। इससे उन्हें बिना पता चले अपने शिकार के करीब पहुंचने की अनुमति मिलती है जिससे उनके सफल शिकार की संभावना बढ़ जाती है।


#### इनका कहना है...

वन जीवों की मूवमेंट को देखते हुए लगातार उन पर निगरानी बनाई जा रही है। कुछ दिन पूर्व भी जंगली बायसन का एक झुण्ड शहर के काफी करीब आ गया था उसके बाद लगातार वन्य जीवों पर निगरानी की जा रही है। गर्मियों के इस मौसम में अक्सर टाइगर देर रात ही शिकार पर निकलता है।

**संजीव शर्मा,** एडी वन विभाग पचमढ़ी

# कॉलेज परिसर में घुसकर बाहरी तत्वों ने कॉलेज के छात्रों के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के नर्मदा कॉलेज परिसर में शनिवार दोपहर 12 बजे छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ा की मारपीट के लिए बाहर से युवकों को बुलाया गया। कॉलेज के ही दूसरे गुट के करीब 6-7 छात्रों ने भी एक छात्र को घेरकर बेल्ट-थप्पड़ से जमकर मारपीट की।

मारपीट के लाइव वीडियो भी कुछ छात्रों ने बना लिए। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में प्रोफेसर के सामने दोनों गुट के लोग लड़ाई-झगड़ा कर रहे। विवाद के दौरान कॉलेज में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। कुछ छात्र-छात्राएं भयभीत नजर आईं। विवाद में दोनों पक्ष के 4 युवक घायल हुए। दोनों पक्षों के लोग कोतवाली थाना शिकायत करने पहुंचे। कोतवाली थाना टीआई सौरभ पांडे ने कहा दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज करने की कार्रवाई की है। वीडियो में मारपीट करते नजर आ रहे लोगों की पहचान कर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा।

#### मारपीट से हो रही कालेज की छवि धूमिल

नर्मदा कॉलेज के विद्यार्थियों का कहना है कि छात्रों और बाहरी युवकों को बुलाकर मारपीट का ये पहला मामला नहीं है। पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन कॉलेज प्रबंधन द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया जाता है। जिस कारण नर्मदा कॉलेज परिसर में छात्रों के बीच बार बार विवाद होने की पहचान बन रहीं है। नर्मदापुरम संभाग में नर्मदा कॉलेज बड़ा और श्रेष्ठ कॉलेजों में शामिल है। लेकिन बार-बार विवादों से कॉलेज की छवि भी धूमिल हो रही है। विद्यार्थियों ने प्रबंधन से सुरक्षा की मांग की है।

## जेएन भाया टी 20 के लिए नर्मदापुरम संभाग की टीम घोषित, गौतम को बनाया गया रघुवंशी कप्तान



**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही जे एन भाया टी 20 प्रतियोगिता हेतु नर्मदापुरम संभाग की टीम की घोषणा। चैयरमैन संजय नाफेड ने की टीम में गौतम रघुवंशी (कप्तान), राहुल चंद्रोल (विकेट कीपर), रित्विक दीवान, आदर्श दुबे, आर्यन देशमुख ,हर्षित परसाई ,गौरव दासोरे, आयुष मानकर, अयान एस, तरुण चौधरी, भानु रघुवंशी,अथर्व महाजन, सागर यादव,कार्तिक राजोरिया, अनुराग मालवी, कोच संजय यदुवंशी, मैनेजर सुमित पटेल हैं। नर्मदापुरम संभाग की टीम रीवा में अपने मैच खेलेगी। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

## नर्मदापुरम में तापमान 38.5 डिसे किया दर्ज

**नर्मदापुरम।** पिछले 3-4 दिनों से नर्मदापुरम में बादलों की लुकाछिपी का असर तापमान पर पड़ा है। पिछले 4 दिनों में नर्मदापुरम का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ईर्द गिर्द रहा। जिसमें 7 मई को दिन का तापमान 40 डिसे रहा। 8 मई को 37.6 डिसे, 9 मई को 39 डिसे, 10 मई को 39.4 डिसे एवं शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 38.5 डिसे एवं रात का तापमान 27.2 डिसे दर्ज किया गया।

# मातृशक्ति ने आस्थापूर्वक मां नर्मदा को ओढ़ाई चुनरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अग्रवाल समाज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा के सहयोग से अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती पर महिलाओं ने भक्ति चुनरी महोत्सव का आयोजन किया। शोभायात्रा का स्वागत समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने किया।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव चुनरी यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने नर्मदा भैया के जल को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अग्रवाल समाज द्वारा नर्मदा जल को स्वच्छ रखने के लिए मां नर्मदा तट पर पूजा की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ चंद्रकांत अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सिरोंजीय अग्रवाल समाज द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार का व्यवस्था की गई। इस अवसर पर समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। गायत्री अग्रवाल, उषा किरण, अग्रवाल माया अग्रवाल, सुनीता सतीश अग्रवाल, सुनीता आशीष अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, नमीता अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, नीति राजेश अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रीति राहुल अग्रवाल शालिनी अग्रवाल समीक्षा अग्रवाल नीतू मित्तल अग्रवाल उषा अग्रवाल प्रिंसी अग्रवाल रेखा हरि अग्रवाल स्वाति अग्रवाल एवं समाज के और भी उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम ने जब्त की तीस लीटर अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में आबकारी अपराधों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार को वृत नर्मदापुरम ए टीम द्वारा नर्मदापुरम शहर के आदमगढ़ एवं बंगाली कॉलोनी में दबिश कार्रवाई की गई। मुखबिरों से सूचनायें प्राप्त कर झाड़ियां में छिपाए गए महुआ लहनों को बरामद कर शराब बनाने के आरोग्य किया गया तथा लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त महुआ लाहन एवं शराब की कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है। अवैध मदिरा के परिवहन,संग्रहण,निर्माण,विक्रय के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के निर्देशानुसार पूरे जिले में आबकारी टीमों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं सूचनाएं एकत्रित कर आगामी दिवसों में भी इस प्रकार की कार्यवाहियां जारी रहेगी। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत नर्मदापुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर प्रसाद निमोदा, आबकारी आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे एवं महिला आरक्षक भावना यादव का विशेष योगदान था।

# द चैम्प्स फन स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द चैम्प्स फन स्कूल में चल रहे समर कैंप में धूमधाम से मातृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति अपनी भावनाओं को साझा किया। स्वागत गीत और भाषण के माध्यम से बच्चों ने अपने प्यार और सम्मान की भावना व्यक्त की। इसके बाद, बच्चों ने माँ के गीत के माध्यम से अपनी माताओं के लिए गीत गाकर उन्हें समर्पित किया। साथ ही बच्चों ने बनाए गए बुके और ग्रीटिंग काड्र्स के माध्यम से भी अपनी माताओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के उपलक्ष्य में इस उत्सव में रोबोटिक प्रदर्शनी और खेल कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें अभिभावकों ने भी उत्साह से भाग लिया। स्कूल की डायरेक्टर जूही चटर्जी ने मातृत्व के महत्व पर बात की और बच्चों को इस महत्वपूर्ण रिश्ते का महत्व समझाया। चटर्जी ने बच्चों को अपने माता-पिता के प्रति आदर और सम्मान की महत्ता के बारे में उनके साथ बातचीत की। कार्यक्रम का समापन और धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के एडमिन ऑफिसर विनीता जसलानी द्वारा किया गया। संचालन शीतल कॉंकले और नेहा राठौर ने किया। इस उत्सव में समर्पित टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# समेरिटंस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स शिविर में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 एमपी बटालियन से संबध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल नर्मदापुरम के द्वितीय वर्ष के 17 एनसीसी कैडेट्स एसोसिएट एनसीसी आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में बटालियन में आयोजित सीएटीसी 1 कैंप में शामिल हुए। संस्था डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव ने एनसीसी कैडेट्स को आपना कैंप सफलता पूर्वक पूर्ण करने ऑर कैंप की हर एक्टिविटी में सम्मिलित होने का कहा एवं अपनी शुभकामना दी। कैंप 15 मई तक रहेगा। बता दें कि ए प्रमाणपत्र परीक्षा में शामिल होने के लिए एक सीएटीसी कैंप करना अनिवार्य होता है।

## दो पक्षों पर मारपीट का मामला दर्ज

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के देहात थाने में मारपीट करने की शिकायत फरियादी द्वारा दर्ज कराई गई है। देहात थाने से मिली जानकारी के अनुसार हरदा बायपास रोड निवासी कपिल खत्री और दीपक अहिरवार के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। पुलिस ने फरियादी कपिल की शिकायत पर दीपक एवं जुगराज और दूसरे पक्ष के फरियादी दीपक अहिरवार की शिकायत पर कपिल खत्री के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### नेशनल लोक अदालत में मिला पीड़ितों को न्याय, खुश होकर लौटे अपने घर

# 25 खंडपीठ ने 421 मामले किए निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम के निर्देशानुसार शनिवार को जिला नर्मदापुरम में न्यायालय परिसर एवं तहसील न्यायालय इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला न्यायालय में प्रातः 10:30 बजे प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हितेंद्र कुमार मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय पीडी शर्मा, जिला न्यायाधीश ज़फर इक़बाल, अभिनव जैन, रितु कटारिया वर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार शिव चरण पटेल, प्रियंका रतोनिया सिविल जज सीनियर डिवीजन, स्वाति कौशल, रुचि पाण्डेय, सिविल जज जूनियर डिवीज़न जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य, एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी सहित दीपक जैन अध्यक्ष अभिभाषक संघ, सचिव मनोज जराठे, लीगल ऐड डिफेन्स कॉउंसल्स सतीश तिवारी, अनंत तिवारी, पंकज तिवारी,मंगल सिंह परिहार, पूजा अवस्थी, पंखुड़ी बराड़िया, पीएलव्ही रेखा सराठे, शिवानी राजपूत एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय नर्मदापुरम में कुल 25 खंडपीठ का गठन किया गया। जिसमें राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, चेक अनादरण से संबंधित प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण श्रम विभाग भूमि अधिग्रहण सिविल प्रकरण एवं बिजली व पानी के बिल से संबंधित प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर कुल 421 लंबित प्रकरण एवं 418 प्री लिटीगेशन का निराकरण किया गया।

# परशुराम जयंती पर हुआ प्रतिभाओं का सम्मान, प्रसादी का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर राजा मोहल्ले में सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया एवं समाज व क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम संयोजक सौरभ तिवारी ने बताया कि नारायण शंकर तिवारी एवं मित्र मंडल के सदस्यों ने आकर्षक सुंदर कांड का पाठ किया। कार्यक्रम में अशोक दुबे, ओपी तिवारी, जय दुबे, हरिनारायण दुबे, विवेक भट्ट, शुभम दुबे, हर्मेन्द्र दुबे, धीरज चौकसे, रीतेश विश्वकर्मा, अमित दुबे, कमलेश माहुले, देवेन्द्र दुबे, श्रवणलाल शर्मा,श्याम दुबे, कमलेश दुबे,अजय सहारिया, दीपक भट्ट, आशुतोष शर्मा, गोविंद नारायण पचौरी, राकेश दुबे, राकेश तिवारी, अशोक शर्मा, नितीन तिवारी, सौमित्र दुबे, अभिषेक दुबे, ज्ञानेन्द्र रावत, शिवनारायण शर्मा, रामेश्वर पटेल, योगेन्द्र रावत, प्रताप तोमर चुन्नू दुबे व मातृशक्ति में सरोज दुबे, सुषमा जोशी, सुचित्रा दुबे, शैला दुबे, रेखा भट्ट, विजया कदम , ज्योति तिवारी, निर्मला दुबे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में अव्वल अंक प्राप्त करने वाले समाज व क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान दिशा तिवारी, जयंत तिवारी और महक चौकसे का सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप

## नरखेड़ में प्रारंभ हुआ ग्रीष्मकालीन खेल शिविर



**मुलताई।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नरखेड के शासकीय हाई स्कूल में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया के निर्देश पर समर कैंप का आयोजन पूरे जिले भर में किया जा रहा है। प्रभात पट्टन विकासखंड में समर कैंप के बारे में ब्लॉक युवा समन्वयक योगिता चौरे ने बताया कि इस समर कैंप में व्हालीबॉल, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह एक माह का प्रशिक्षण रहेगा जो पूर्णतः निशुल्क है।

## सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बैतूल** जिले की अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए तीन सड़क हादसों में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सभी हादसों की जांच में जुटी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आठनेर क्षेत्र के ग्राम सतनेर के पास शुक्रवार शाम को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में शिवकुमार पिता नत्थू सोलंकी उम्र 36 वर्ष निवासी पुसली की मौत हो गई है। हादसे के बाद युवक को आठनेरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती किया था यहां से जिला अस्पताल लेकर गए डॉक्टरों ने युवक मृत घोषित कर दिया।

### कॉलेज चौक से आभाश्री तक हटेगा स्थाई अतिक्रमण

# कलेक्टर ने अतिक्रमणकारियों को दिए निर्देश, दो दिन में हटाएं अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जेएच कॉलेज से होटल आभाश्री तक बने टू-लेन के आसपास वर्षों से जमे अतिक्रमणकारियों का अतिक्रमण दो दिनों में हटाने के लिए कलेक्टर ने नपा को आदेशित किया है। सड़क मार्ग बनाने में हो रही परेशानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका दोनों ओर के अतिक्रमण को हटाने की तैयारी कर चुकी है। आधा सैकड़ा से अधिक अतिक्रमणकारियों को दो दिन की मोहलत दी गई है। समय पर अतिक्रमण न हटाने पर सोमवार को पूरी दुकानें सख्ती से हटवाई जाएगी। नगरपालिका भविष्य में अतिक्रमणकारियों से बचने के लिए दोनों ओर फुटपाथ का भी निर्माण करेंगी। यह भी निर्णय आचार संहिता के बाद लिए जाने की संभावना है।

नपा ने कॉलेज चौक से प्राइमरी स्कूल तक टूलेन सड़क बनाने का निर्णय लिया था। हालांकि होटल आभाश्री से प्राइमरी स्कूल तक टूलेन सड़क नहीं बनी है, इसके लिए काम जारी है। कॉलेज चौक से आभाश्री के पहले तक डिवाइडरयुक्त सड़क बनने से इस मार्ग से यातायात सुलभ हुआ है। इतना जरूर है कि डिवाइडर का स्पेज छोड़ने से कुछ दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सड़क तक बाजार लगने और दुकानें होने के कारण यातायात बाधित होने की समस्या आम बात हो गई है। एक करोड़ की लागत से सड़क बनाने के बाद भी नपा के पास दोनों ओर 15-15 फीट की जमीन बची है। इसी जगह अतिक्रमकारियों ने कहीं स्थाई, तो कहीं अस्थाई, अतिक्रमण कर टूलेन की सुंदरता पर ग्रहण लगा दिया है।

### कलेक्टर ने लगाई फटकार

कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कॉलेज चौक पर चल रहे कुछ निर्माण कार्य के अलावा जेएच कॉलेज में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस दौरान उन्हें वनिता समाज का रास्ता अतिक्रमणकारियों की वजह से बंद होने की शिकायत की गई। इसके अलावा कलेक्टर ने भी जेएच कॉलेज के सामने बेजा अतिक्रमण देखकर नपा के राजस्व अमले को फटकार लगाई। कलेक्टर शसूर्यवंशी ने नपा के राजस्व अमले को स्पष्ट हिदायत दी कि कॉलेज चौक से दोनों ओर के अतिक्रमण दो दिन में हटाया जाए। कलेक्टर के निर्देश मिलते ही नपा का राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और सारे दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया है कि रविवार शाम तक अपने अतिक्रमण हटा ले, अन्यथा सोमवार नपा अस्थाई अतिक्रमण जब्त कर लेगी।

### फुटपाथ बनने से मिलेगा फायदा

नपा ने टू लेन बनाने के पहले 16-16 मीटर की सड़क दोनों ओर बना ली, लेकिन शेष बची जगह का उपयोग करने का प्लान नहीं बनाया। इसी वजह सड़क किनारे दोनों ओर इस मार्ग पर अतिक्रमण कर आधा सैकड़ा से अधिक दुकानें लग गई है। कलेक्टर के निर्देश के बाद नपा भविष्य में स्थाई अतिक्रमण न होने के लिए फुटपाथ बनाएगी, ताकि हाथठेले पर सुबह दुकानें लगाकर शाम को घर जाने वाले छोटे दुकानदारों को रोजगार का भी मौका मिले।

### दिए हैं निर्देश

सुबह कलेक्टर साहब कॉलेज चौक और मतगणना स्थल का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने अतिक्रमण देखने के बाद नाराजगी जताई है। हमने राजस्व अमले से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है।

**नगेंद्र वागद्रे,** उपयंत्री नपा बैतूल

### कार्रवाई की जाएगी

कलेक्टर साहब के निर्देश पर कॉलेज चौक से पीएनबी के आगे तक लगाए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दे दिया है। सोमवार तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**ब्रजगोपाल परते,**
राजस्व निरीक्षक नपा बैतूल

### मौके पर पहुंची पुलिस, संभाली व्यवस्था

## बरेठा घाट में कपास से भरे दो ट्रक पलटे, हाईवे पर लगा लंबा



**बैतूल।** भोपाल नेशनल हाईवे पर शाहपुर बरेठा घाट में एक ही स्थान पर दो ट्रक पलट जाने से जाम लग गया है बताया जाता है कि बरेटा घाट के मंदिर के पास टर्निंग पर ट्रक पलट जाने के कारण दोपहर 3 बजे के लगभग जाम लग गया है।

सिंगल रोड होने के कारण यहां पर हर कभी जाम की स्थिति बनी रहती है। थाना प्रभारी जयपाल इनवाती ने बताया कि घाट की टर्निंग पर ट्रक कपास से भरा हुआ था दूसरा ट्रक आम लेकर जोधपुर जा रहा था दोनों ट्रक एक ही दिशा में बैतूल से भोपाल की ओर जा रहे थे ट्रनिंग पर पलट जाने के कारण रास्ता जाम हो गया है। हालांकि कोई इसमें हताहत नहीं हुआ है। दो ट्रक पलट जाने के कारण जाम लगा हुआ है। वही जानकारी लगते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है एवं ट्रैफिक सामान्य करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

### मधुमक्खियां ने किया हमला

बरेठा घाट पर घटनास्थल पर मधुमक्खी के हमले के कारण पुलिस बल को भी मशक्कत करनी पड़ रही है जिसके कारण ट्रक हटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है मौके पर क्रेन पहुंच गई है लेकिन मधुमक्खियां के कारण ट्रक हटाने में दिक्कतें आ रही है।

## घर से गायब हुए 19 वर्षीय युवक का शव कुएं मिला

**बैतूल।** घर से गायब युवक का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पंहुचाया घटना बैतूल बाजार थाना क्षेत्र की है एलबी लॉन के सामने राजा भोज कॉलोनी निवासी वेदांशु नामदेव पिता गणेश नामदेव उम्र 19 वर्ष ने खेत के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। बैतूल बाजार थाना के एएसआई भरतनाथ ने बताया की मृतक युवक के परिजन ने शुक्रवार शाम को गुम इंसान दर्ज कराई थी की उनका लड़का शुक्रवार दोपहर दो बजे से गायब है जोकि बडोरा की एक डेरी पर काम करता था दोपहर से वेदांशू डेरी पर भी नही था उसने खाना भी नहीं खाया था परिजनों ने रात तक कालोनि के आसपास तलाश किया लेकिन वेदांशू नही मिला था।

### खेत के कुएं में चप्पल और टोपी तैरती मिली

बैतूल बाजार फोरलेन के बाजू में मनोज उईके का खेत है जंहा स्थित कुएं में आज सुबह टोपी और चप्पल तैरते दिखाई दी तब पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पंहुचकर पुलिस ने कुएं में डूबे युवक के शव को बाहर निकाला और मार्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और घटना की जांच में जुट गई है। खेत मालिक मनोज ने बताया की कल से वेदांशु गायब होने की चर्चा थी और उसके परिजन आसपास के कुएं और उसके खेत के कुएं में रात तक टार्च के लाइट में तलाश कर रहे थे आज सुबह कुएं में वेदांशु की टोपी चप्पल तैरते दिखे और वेदांशू का शव कुएं में पानी के नीचे कीचड़ में धंसा दिखाई दिया था।

## टूटते परिवारों को लोक अदालत ने किया एक

### नेशनल लोक अदालत में सैकड़ों प्रकरणों का हुआ निराकरण



**बैतूल।** लोक अदालत का है यह नारा.... ना कोई जीता और ना कोई हारा.....! इसको चरितार्थ करने में नेशनल लोक अदालत की अहम भूमिका होती है। आज जिले में नेशनल लोक अदालत के तहत 19 खण्डपीठ की स्थापना की गई

थी। यहां पर आए विभिन्न तरह के मामलों में राजीनामा कराने का प्रयास किया। जिसमें कई मामलों में सफलता भी मिली। इस लोक अदालत की खास बात यह है कि आज कई ऐसे टूटते परिवार फिर से एक हो गए जो कि लंबे समय से अलग-अलग रह रहे थे। न्यायाधीश, वकीलों की समझाईश पर जब दोनों पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हुए तो उन्हें सभी ने बधाई भी दी। दम्पतियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर पुर्न नया जीवन जीने को तैयार हुए हैं यह नेशनल लोक अदालत की बड़ी उपलब्धि है। निराकृत हो रहे अधिकांश मामलेः श्री प्राण नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण ने बताया कि शनिवार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। पूरे जिले में 19 खण्डपीठ की स्थापना की गई है। सारे जज, खण्डपीठ के सदस्यगण, अधिवक्तागण और न्यायालीन कर्मचारी गण इस लोक अदालत में एक नया मुकाम हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। अभी तक कुटुम्ब न्यायालय में लगभग आधा सैकड़ा मामले समझौता से निराकृत हो चुके हैं। एक साथ रहने खुशी-खुशी घर गए दम्पत्ति इसमें से चार-पांच ऐसे मामले में हैं। जिसमें पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे थे वो अब खुशी-खुशी नया जीवन प्रारंभ करने के लिए अपने घर रवाना हुए हैं। ईश्वर उनके जीवन को सुखमय बनाए। अगर वह साथ में आगे भी रहते हैं तो यह नेशनल अदालत की बड़ी उपलब्धि होगी। इसके अलावा भी अदालतों में कई मामले निपट रहे हैं। राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण भी अच्छी संख्या में निपट रहे हैं। विद्युत विभाग के प्रकरणों का भी निराकरण हो रहा है। पीडिता को दिलाया मुआवजा अधिवक्ता हीरामन सूर्यवंशी ने बताया कि राजकुमार आदिवासी चिचोली मोटर साइकिल से जा रहा था। उसे एक एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी थी। राजकुमार का बैतूल और भोपाल में उपचार किया गया था। इस दौरान बीमा कंपनी को न्यायाधीश और वकीलों ने की भी समझाईश दी जिसके बाद पीड़ति को 35 हजार रुपए का मुआवजा दिया गया है।

## कॉलेज छात्रा को बंधक बनाकर युवक ने किया दुष्कर्म

**बैतूल।** बैतूल में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही एक छात्रा दुष्कर्म का शिकार हो गई। छात्रा के साथ दुराचार करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसी के गांव में रहने वाला एक युवक है। शिकायत के बाद कोतवाली थाने में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के समीप स्थित एक गांव में रहने वाली एक छात्रा कॉलेज की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता ने शिकायत में बताया की उसके गांव में रहने वाला एक युवक अचानक उसके आवास पर पहुंच गया और उसे बंधक बना लिया। आरोपी ने दो दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी के जाने के बाद उसने घटना के सम्बंध में अपने परिजनों को बताया। इसके बाद छात्रा ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि छात्रा की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### लोक निर्माण विभाग ने की नपा की 16 लाख रुपए की राशि राजसात

# हरदौली योजना के ठेकेदार ने नहीं सुधारी सड़कें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

हरदौली जल आवर्धन योजना नल जल घटक के ठेकेदार ने नगर पालिका की सड़कों के साथ ही पीडब्ल्यूडी की सड़कों को भी तोड़ा था। ठेकेदार द्वारा लोक निर्माण विभाग की शर्तों का पालन ना करने पर नगर पालिका द्वारा जमा की गई 16 लाख रुपए की राशि को जप्त कर तोड़ी गई सड़कों का सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया।

नगर पालिका ने 16 लाख रुपए की राशि तोड़ी गई सड़कों को सुधारने की जमानत के तौर पर पीडब्ल्यूडी विभाग में जमा की थी। जिसके आधार पर लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार को रोड कटिंग के लिए सशर्त अनुमति दी थी। जिसमें ठेकेदार को तोड़ी गई सड़कों को सुधारना था जिसके बाद यह राशि नगर पालिका को वापस होती किंतु नगर पालिका ठेकेदार द्वारा प्रतिबंधात्मक अनुमति की शर्तों का पालन न करने की स्थिति में नगर पालिका की 16 लाख रुपए की राशि राजसात हो गई और अब लोक निर्माण विभाग जलावर्धन योजना के ठेकेदार द्वारा तोड़ी गई सड़कों का सुधार कार्य कर रहा है जिसका कार्य आज से प्रारंभ कर दिया गया है।

### लोक निर्माण विभाग ने प्रारंभ किया सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग ने नगर पालिका की राजसात राशि से नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों का सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया है। नगर के जिन मार्गों का सुधार कार्य होना है उनमें बस स्टैंड पारेगांव तिराहा, जलाराम मंदिर के पास ,दूध डेयरी के पास, मासोद रोड मेघनाथ मोहल्ले के पास,



मुख्य मार्ग जामा मस्जिद के सामने की सड़क आदि सड़कों का सुधारने कार्य प्रारंभ कर दीया है।

### आर्थिक कठिनाई से जूझ रही नगर पालिका को लगा बड़ा झटका

आर्थिक कठिनाइयों के दौर से गुजर रही मुलताई नगर पालिका के लिए 16 लाख रुपये डूब जाना बड़ा नुकसान है विशेषतः ऐसी स्थिति में जबकि नपा आर्थिक कठिनाई के चलते नियमित कर्मचारियों का भुगतान एवं बिजली बिल नहीं भर पा रही है। अधिकारी आर्थिक स्थिति सुधार के लिए जल कर ,भवन कर एवं दुकानों की किराए की वसूली को लेकर अभियान चला रहे है। वहीं दूसरी ओर 16 लाख रुपए डूब जाना दुबले पर दो असाड़ वाली कहावत चरितार्थ करता है। अब यह देखना रोचक होगा कि नगर पालिका ठेकेदार पर कार्रवाई करती है या पूर्व के भांति ठेकेदार को भुगतान करने में रुचि दिखाई है।

### कार्य शुरू कराया

नगर पालिका के ठेकेदार ने तोड़ी हुई सड़कों का सुधार कार्य नहीं किया लोक निर्माण विभाग की शर्तों का पालन न होने पर नगर पालिका की 16 लाख रुपए की राशि को राजसात कर टूटी हुई सड़कों का सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया है।

**राजेश राय,** एसडीओ लोक निर्माण विभाग मुलताई।

### पत्र नहीं मिला

अभी हमें लोक निर्माण से राशि राजसात का पत्र नहीं मिला है। अगर राशि राजसात होती है तो हरदोली योजना के ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

**योगेश अनेराव,**
उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

## दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



आमला ब्लाक के बोरदेही मार्ग स्थित बोरीखुर्द के निकट शुक्रवार देर रात 2 बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में 2 युवकों की जान चली गई। हादसे में एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुआ है। अमला थाना के एएसआई राममोहन यादव ने बताया कि बोरीखुर्द मार्ग पर रात 10 बजे के करीब दो बाइक की आपस में जोरदार भिंडत हो गई है।

हादसे में बाइक पर कचरबोह निवासी अशोक उइके और बुद्ध राम कुमरे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। इस हादसे में बाइक सवार 1 अन्य युवक सुरेश कुमरे कचरबोह गभीर घायल हो गया है। उसका अस्पताल में डॉ द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अशोक उइके बोरदेही में शादी समारोह में शामिल होकर वापस आ रहा था, इसी दौरान सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई है। अस्पताल के डॉ.राकेश बचले ने दोनों युवकों को यहां मृत घोषित कर दिया गया। हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बाइक की भिड़ंत तेज गति में होने के कारण हुई है। भिडंत की आवाज लोगों को दूर तक सुनाई दी। इसके बाद दुर्घटना होने की जानकारी आमला पुकिस और 108 एम्बुलेंस को दी गई, लेकिन समय और एम्बुलेंस नहीं आने के बाद गम्भीर घायलों को निजी वाहन से आमला अस्पताल भेजा गया।

### चुनाव के 1 दिन पहले मिली थी मासोद में 6 पेटी बीयर

# छोटी सी कार्रवाई के बाद निपट गया 72 लीटर बीयर जब्ती का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पट्टन ब्लॉक के चार मतदान केद्रो पर हुए पुनः चुनाव के एक दिन पहले ग्राम पंचायत मासोद के शासकीय शौचालय में बरामद की गई 6 पेटी 72 लीटर बियर पकड़ाने का गंभीर मामला एक व्यक्ति पर छोटी सी कार्रवाई के बाद निपटा दिया गया। जिसको लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीण बताते हैं कि संपूर्ण क्षेत्र देसी विदेशी व्यापार का केंद्र बनता जा रहा है और आबकारी , पुलिस विभाग ठोस कार्रवाई करना तो दूर शिकायत करने पर भी उचित कार्रवाई नहीं कर पा रहा है जिससे विभागों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। और यही कारण है कि क्षेत्र के गली मोहल्लो मे सरेआम शराब बेची और खरीदी जा रही है। हाल ही में फरियादी गोवर्धन मारवाड़ एवं उनकी पत्नी निवासी मसोद ने पुलिस से शिकायत की जिसका वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है जिसमें वह पुलिस सामने बता रहा है कि उनके दुकान के समीप बने शासकीय शौचालय में अवैध शराब रखी हुई है। कुछ ही समय पहले ग्राम के ही दो व्यक्ति चंदन सिंह और





रूप सिंह इस शौचालय मेसे दो मोटरसाइकिल से 6 पेटी शराब निकाल कर ले गए हैं और बाकी शौचालय में रखी है। और जब शिकायत करता यह पुलिस को बता रहा था इसके वीडियो बनाए जा रहे थे ।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पावर 10000 स्ट्रांग बियर के 06 पेटी कुल 72 लीटर बीयर (पेटी) गोवर्धन मारवाड़ की शिकायत के आधार पर नवनिर्मित बरामद की। जानकार बताते हैं कि यह सब चार मतदान केंद्रो के समीप स्थित प्रमुख ग्राम मासोद में चुनाव के ठीक 1 दिन पहले हो रहा था आबकारी एंव पुलिस विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता जिन व्यक्तियों द्वारा 6 पेटी शराब ले जाना बता रहा था उन व्यक्तियों से 6 पेटी शराब बरामद कर ठोस कार्रवाई करना था और जीन दो लोगों के नाम आ रहे थे बियर के बेच नंबर के आधार पर पता लगाना था कि यह शराब इतनी बड़ी मात्रा में कहां से आ रही है क्या 12 पेटी शराब एक साथ किसी एक व्यक्ति को शराब ठेकेदार द्वारा दी जा सकती है यह बड़ा प्रश्न है इसमें ठेकेदार की भूमिका को लेकर सवाल उठते हैं।

### पुलिस ने बनाया एक व्यक्ति पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला

मुलताई पुलिस ने घटना के संबंध में जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मासोद पुलिस ने गोवर्धन मायवाड सूचना पर ग्राम पंचायत के सार्वजनिक शौचालय के जिसमें पुरूष प्रसाधन वाले टॉयलेट कक्ष से पावर 10000 स्ट्रांग बियर के 06 पेटी कुल 72 लीटर बीयर (पेटी) मौके पर पायी गयी।आरोपी चंदनसिंग पिता छोटेलालसिंग ठाकुर उम्र 40 साल निवासी ग्राम मासोद परअपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### मामला दर्ज किया

शिकायत के आधार पर 6 पेटी बियर 72 लीटर बरामद कर एक व्यक्ति के खिलाफ आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत मामला पंजीकृत किया है।

**एसआई बसंत अहाके,**
मासोद चौकी प्रभारी मुलताई

### होमस्टे बना ग्रामीणों के लिए अन्नदाता, ग्राम और ग्रामीणों का हुआ विकास

# पर्यटकों को मिली शुकुन ओर शांति की जगह, मिल रहा स्थानीय व्यंजन

**पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की पहल पर पर्यटन स्थल मढ़ई के ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे के माध्यम से पर्यटकों को स्थानीय विभिन्न प्रकार के व्यंजन मिल रहे हैं। तो वहीं पर्यटक होमस्टे में कुछ पल बिताकर जिंदगी का सुकून का अहसास भी कर रहे हैं।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की पहल से ग्रामों का हो रहा विकास ग्रामीण संस्कृति को देश विदेशों में भी देखा जा सकता है क्योंकि देश विदेशों से पर्यटक ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे के माध्यम से रहने पहुँच रहे हैं पर्यटकों को मिल रही स्थानीय जानकारी , पर्यटकों को इस भीड़ भाड़ की जिंदगी से शुकुन के कुछ पल मिले इस लिए ऐसी जगह लोग ग्रामीण पर्यटन मढ़ई के ग्रामों में होमस्टे में रहकर ओर स्थानीय व्यजंन पाकर नया अनुभव पा रहे है। पर्यटन स्थल पर देशी-विदेशी अतिथियों को किफायती दरों पर आवास, भोजन सुविधा मिल रही है विदेशी पर्यटकों को भारतीय संस्कृति एवं आतिथ्य से परिचित हो रहे हैं , साथ ही ग्रामीण निजी क्षेत्र को अपने आवास में उपलब्ध अतिरिक्त क्षमता से आय अर्जित कर रहे हैं। जिले के सतपुडा की वादियों में सोहागपुर के नजदीक प्रसिद्ध ग्रामीण पर्यटन स्थल मढ़ई के पास के ग्रामो में बन रहे होमस्टे की प्रगति की वास्तविक स्तिथि की जानकारी हेतु दौरा किया गया मढ़ई के नज़दीक ग्राम ढावा ओर छेड़का में 11 होमस्टे के कार्य प्रगति पर है इसी तारतम्य में मनोज भोजबंसी जी ढाबा और उरदोंग के होमस्टे मालिक को समझाया कि उन्होंने सबरबानी में होमस्टे कैसे बनाया है और उन्हें इस संपत्ति से राजस्व कैसे मिलता है ग्रामीणों ने होमस्टे से मिलने वाले लाभों को समझा साथ ही अपने अपने होमस्टे में कमियां ओर जरूरत की चीजों को समझते हुए कार्य जारी किया ग्रामीणों को मिलने वाली नई नई अलग अलग संस्कृति की भी जानकारी मिल रही है ग्राम का विकास रोजगार मिल रहा ग्रामीणों की स्थितियों में सुदार आ रहा सभी ग्रामीणों ने मन लगाकर होमस्टे से सम्बंधित जानकारी ली। मढ़ई क्षेत्र में बन रहे होमस्टे जल्द ही संचालित होंगे यही नही 11 होमस्टे में से 1 की शुरुआत हो चुकी है उसको देखकर अन्य चार भी प्रारम्भ कर लिए जाएंगे होमस्टे बनाने वालों के नाम और ग्राम इस तरह है मंगत राम ढावा ग्राम, रामकेश ढावा ग्राम,गेंदा लाल ढावा ग्राम भागिरथ ढावा ग्राम, जयराम छेड़का ग्राम,अशोक छेड़का ग्राम, संजीव छेड़का ग्राम,महेंद्र छेड़का ग्राम, हरिओम छेड़का ग्राम,शुखदेव छेड़का ग्राम, रेवती छेड़का ग्राम,एक होमस्टे कंप्लीट हो चुका है जो जयराम का छेड़का ग्राम में है सभी पर्यटन विभाग की इस पहल से खुश है होमस्टे की वजह से देश विदेश के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर यहां के सांस्कृति को समझ रहे हैं साथ ही बाहर से आये पर्यटकों की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो रहा है।

# पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई का निधन, पंचतत्व में विलीन हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई का शुक्रवार देर रात्रि दुखद निधन हो गया। शनिवार शाम श्री दुबे पंचतत्व में विलीन हो गये। उनके पुत्र अनुभव दुबे ने शांतिधाम श्मशानघाट पर उनको मुखाग्नि दी। विजय दुबे का निधन शनिवार को उनके कावेरी स्टेट स्थित निज निवास पर हो गया था। उनके अंतिम संस्कार में इटारसी सहित जिले एवं प्रदेश के शुभ चिंतक एवं मित्रगण शमिल हुए। सभी ने शांतिधाम में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके अंतिम संस्कार में संजय शर्मा होशंगाबाद कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी, रामेश्वर नीखरा पूर्व सांसद, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह ठाकुर, भवानी शंकर शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष अरविंद मालवीय, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे , पंकज चौरे नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी, जगदीश मालवीय विधायक प्रतिनिधी सहित बड़ी संख्या में इटारसी नगर, होशंगाबाद जिले एवं विभिन्न क्षेत्रों के उनके शुभचिंतक, रिश्तेदार एवं हजारों की संख्या में संबंधी शामिल हुए। श्री दुबे मुख्यमंत्री मोतीलाल बोरा के मंत्री मंडल में 1989 में गृह, सामान्य प्रशासन, जनसंपर्क, सांख्यिकी, उपमंत्री पद पर भी रहे। उनका जन्म 18 अक्टूबर 1953 विजयादशमी को क्षेत्र के जाने माने चिकित्सक डॉ. जमना प्रसाद दुबे एवं सुशीला देवी दुबे के यहां हुआ था। प्राथमिक शिक्षा स्टेशन गंज, हायर सैकंड्री की शिक्षा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला से हुई तथा बाद में उन्होंने एलएलबी तक की शिक्षा ग्रहण की। 1972 से सक्रिय राजनीति में आ गये तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। 1975-76 में वे रामेश्वर नीखरा के संपर्क में आये एवं नगर युवक कांग्रेस इटारसी के अध्यक्ष बने और 1981 तक इस पद पर रहे। रामेश्वर नीखरा पूर्व सांसद एवं स्व. विधाचरण शुक्ला के प्रयासों से 1980 में प्रथम बार इटारसी विधान सभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए एवं 1985 में पुनः दूसरी बार लगातार विधायक बने। 9 सितंबर 1983 से 11 फरवरी 1988 तक नगर पालिका परिषद इटारसी के निर्वाचित अध्यक्ष, इटारसी सुधार न्यास के न्यासधारी, मध्य रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य भी रहे। 1985 में प्रमोद पगारे संस्थापक संरक्षक ने विपिन जोशी स्मारक समिति की स्थापना की तब से ही वे सरंक्षक थे एवं 1985 से ही वे 5 सितंबर शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सन 2023 तक थे। स्व. दुबे श्री राम जन्म महोत्सव समिति इटारसी एवं जिला पत्रकार संध इटारसी के संरक्षक रहे। इनके कार्यकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में इटारसी एमजीएम कॉलेज को शासनाधीन करवाना, आईटीआई, न्यायालय की स्थापना, एसडीएम कोर्ट की स्थापना, तहसील की स्थापना, 60 बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण, ओवर ब्रिज का एक तरफ निर्माण, इटारसी सुधार न्यास के अध्यक्ष अरविन्द मालवीय के सहयोग से एक हजार मकानों की आवासीय कालोनी, शासकीय आईटीआई, गांधी मिनी स्टेडियम, बाजारों का निर्माण आदि कार्य कराये।

# लापरवाही बरतने पर परियोजना अधिकारी ने 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों को थमाए नोटिस




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ सुपरवाइजरों के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंचकर किसी प्रकार की समझाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नहीं दी जा रही है इसके कारण परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वजन लेना भी नहीं आ रहा है। उसका मुख्य कारण बताया गया कि सुपरवाइजर केदो पर पहुंचती ही नहीं है और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायकों को किसी प्रकार की सलाह देती है।

परियोजना अधिकारी विधानसभा क्षेत्र की अंतिम आंगनबाड़ी महाराजगंज भी पहुंचे जहां पर की अभी तक कोई अधिकारी महिला बाल विकास के पहुंचे ही नहीं है कई आंगनबाड़ी केंद्र से बताए गए। जहां पर अभी तक सुपरवाइजर भी नहीं पहुंचे हैं बताया गया कि सुपरवाइजर अल्प समय के लिए वहां पर पहुंचती है जिसके कारण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को बच्चों के वजन लेने के साथ-साथ रिकॉर्ड तैयार करना भी नहीं आ रहा है। कई आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए कई आंगनबाड़ी केदो पर कार्यकर्ता कहीं सहाय का उपलब्ध नहीं मिली लेकिन मुख्य रूप से उन्होंने बताया कि बच्चों की उपस्थिति कई आंगनबाड़ी केदो पर नहीं मिली है जो कि उनकी प्रमुख जवाबदारी बनती है इस बात को लेकर परियोजना अधिकारी ने बताया कि लगभग 50 आंगनबाड़ी केदो को नोटिस जारी किए गए हैं जिनसे जवाब मांगा गया है यदि संतुष्टि पूर्ण जवाब प्राप्त नहीं होता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वहीं पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगठन की पदाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया कि लगभग दो माह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायताओं के लिए शासन के द्वारा वेतन भी प्रदान नहीं किया गया है। अधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि प्रशासन के द्वारा राशि प्रदान नहीं की गई है राशि आते ही तत्काल भुगतान कर दिया जाएगा।

# एक साल से बिछड़े दंपत्ति ने लोक अदालत में फिर लिया जीवनभर साथ निभाने का संकल्प

## नेशनल लोक अदालत में 159 लोग हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष सेवा प्राधिकरण नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय पिपरिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सभी न्यायाधीश की अदालत में 159 लोग लाभान्वित हुए जिसमें बिजली विभाग नगर पालिका परिषद एवं बैंक के उपभोक्ताओं के द्वारा बकाया राशि की जमा की गई। बताया गया कि बिजली विभाग के 100 प्रकरण में ऑनलाइन एंट्री दुर्गेश मंडलोई के अथक प्रयास से 24 प्रकरण का निराकरण हुआ जिसमें 179 59 रांशी प्राप्त हुई। मंडलोई ने बताया कि 5 लाख के आसपास राशि जमा हुई है साथी अनिल साहू का प्रकरण जो लंबे समय से संचालित का उसमें 6 लख रुपए के आसपास राशि निकाली गई थी जिसमें से 250000 उन्होंने नेशनल लोक अदालत में जमा किया शेष राशि उन्होंने पूर्व में जमा कर चुके थे। निराकरण किया गया। नगर पालिका परिषद के कल 58 कक निराकरण किया जिसमें कुल 171452 रुपए की राशि प्राप्त हुई पिपरिया न्यायालय में कुल 77 133 रही 1959 लोग लाभान्वित हुए नेशनल लोक अदालत हेतु खंडपीठ कैलाश प्रसाद मरकाम प्रथम जिला न्यायाधीश पिपरिया के न्यायालय में लंबित वैवाहिक प्रकरण में समझौता हुआ ग्राम चिलोद तहसील बनखेड़ी के निवासी लक्ष्मण यादव लोकअदालत खंडपीठ के समक्ष अधिवक्ता वेद प्रकाश भार्गव द्वारा रखा गया जिसमें पक्षकार लगभग तीन वर्ष से अलग रह रहे थे प्रकरण में नियुक्त अधिवक्ता ने बताया गया कि दोनों पति-पत्नी की विवाद के चलते न्यायालय ने आपकी सहमति की तलाक का प्रकरण लगाया था। उसके बाद न्यायालय में साक्ष्य होकर तलाककी डिग्री प्राप्त होती है आज लोक अदालत के अवसर पर कैलाश प्रसाद मरकाम प्रथम जिला न्यायाधीश पिपरिया के प्रकरण अधिवक्ता की सहमति के कारण दोनों पक्षों के मध्य वैचारिक मतभेद समाप्त हो गए दोनों ने अपने पति-पत्नी के रूप में आगे से यापन करने का फैसला किया न्यायालय द्वारा दंपत्ति को भविष्य में सुखपूर्वक जीवन यापन करने की समझाएं की गई होने से प्रकरण को निराकरण की श्रेणी में रखा गया जिसमें न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी गति जिला खंडपीठ द्वारा न्यायालय लंबित वैवाहिक सुलह का निराकरण किया गया। पूनम मेहरा खमरिया बनखेड़ी निवासी में अपने पति विकास नेहरा रामविलास कॉलोनी के विरुद्ध विवाह विच्छेद का प्रकरण लगाया था जिसमें पति-पत्नी को समझाने पर जीवन यापन साथ में करने की सलाह दी गई दोनों ने मानकर प्रकरण का निराकरण किया उक्त नेशनल लोक अदालत में कैलाश प्रसाद मरकाम प्रथम न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के द्वारा तथा अर्चना रघुवंशी जिला न्यायाधीश मनीष कुमार पारिख न्यायाधीश के प्रथम श्रेणी बिंदिया पाठक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शालिनी मिश्रा शुक्ला न्यायाधीश प्रथम श्रेणी के न्यायालय में विभिन्न निराकरण किए गए जिसमें कमलेश पुरविया अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्ताओं के द्वारा सुलह कराए गए एम पी बी नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ता सभी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में बेस्ट सामग्री से बच्चे बना रहे आकर्षक खिलौने

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना सिवनी मालवा के सेक्टर सतवासा के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नवाचार अंतर्गत खिलौने बनाने सिखाए जा रहे हैं। वेस्ट से बेस्ट अंतर्गत बच्चों को पुराने सामान से नए खिलौने बनाने सिखाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र सोनखेड़ी में बच्चों को दाने स्कोरे रखने हेतु पात्र बनाना सिखाया। पर्यवेक्षक सुचित्रा राजावत द्वारा बताया गया कि अभी गर्मियों में स्कूल की छुट्टियां होने के कारण आंगनबाड़ी केदो पर बच्चों की संख्या बढ़ गई है। परंतु तेज गर्मी होने के कारण बच्चे अधिक देर तक केदो पर नहीं रख पाते इसलिए कार्यकर्ताओं को उन्हें रोचक खेल गतिविधियां करवानी होती है ऐसे में उनसे कुछ नवीन खिलौने जैसे पेन होल्डर, डस्टबिन,दाने स्कोरे हेतु बर्तन की सजावट मिट्टी के खिलौने आदि घर पर उपलब्ध पुराने सामान से बनवाई जा रहे हैं जिससे बच्चे केंद्र पर खुश होकर आते हैं साथ ही उनमें अच्छी आदतों जैसे सफाई, सहभागिता, जानवरों पक्षियों के प्रति दया भाव इत्यादि का विकास होता हैं। इसके साथ ही उनकी कल्पनाशीलता तथा सृजनात्मक विकसित होती है।

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्रवाई की जा रही है।

### भैरूंदा में मनाई भगवान श्री परशुराम जयंती, हुई पूजा-अर्चना, सर्व ब्राह्मण समाज ने किया आयोजन

**भैरूंदा।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर स्थित सर्व ब्राह्मण समाज धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती के अवसर पर सुबह भगवान श्रीपरशुरामजी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद आरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में विप्र बंधु एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।आगामी दिनों में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा -सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्रीपरशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा भी निकाली जाती है। इस वर्ष भी आगामी दिनों यह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। दरअसल भगवान श्री परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के दिन मनाई जाती है। इस दिन बड़ी संख्या में शादियां होती हैं, इसके लिए इस दिन ब्राह्मण समाज द्वारा शोभा यात्रा नहीं निकाली जाती है। आगामी दिनों में भैरूंदा में भी शोभा यात्रा निकालने की तैयारी है।

### विभिन्न गतिविधियों से छात्र-छात्राओं को किया जा रहा है दक्ष

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे डांस और ड्राइंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

नगर में मौजूद सीएम राइज स्कूल में 18 दिवसीय समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है । यह केम्प 1 मई से आरंभ होकर 17मई तक चलेगा , जिसमें छात्र - छात्राओं को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा योग, व्यायाम,कत्थक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, मिट्टी के खिलोने बनाना , ड्राइंग , पेंटिग, खेल, आदि गतिविधियां सिखाई जा रही है।

आयोजित केम्प के बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य रविन्द्र कुमार शर्मा ने बताया की समर केम्प मे बच्चे उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है ।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः राष्ट्रगान, सरस्वती वंदना से शुरू होती है । इसके बाद योग, व्यायाम,कत्थक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, मिट्टी के खिलोने, ड्राइंग पेंटिग, खेल, आदि गतिविधियां कराई जाती है । नोडल शिक्षक ओपी सेन ने बताया विभिन्न गतिविधियों के अलग अलग प्रभारी नियुक्त किये गए है । जो नियमित रूप से इन गतिविधि को संचालित कर बच्चों सिखा रहे है। इनमें प्रमुख रूप से राजेश मालवीय, जगदीश गुजराती, रमेश मालवीय, मंजू राठौर, मंगला व्यास, नसीम शेख, रवीद्र कुमार, अलका मालवीय,, रानी पटेल, पूजा भवर, पूजा जायसवाल, कामिनी सोलंकी, अखिलेश सेन भूपेंद्र यादव अन्य आमंत्रित शिक्षक शामिल है।

# मूंग खरीदी में गड़बड़ी का आरोपी गिरफ्त से बाहर

## 1 साल पहले करीब 42 लाख का गड़बड़झाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मार्केटिंग सोसायटी के द्वारा वर्ष 2013 में खरीदे गए गेहूं 27 लख रुपए की कीमत के 16 से क्विंटल गायब होने के मामले में न्यायालय के द्वारा 10 लोगों को सजा सुनाई गई है। याद रहेगी उसके बाद से वर्ष 22 23 में मार्केटिंग सोसायटी के तत्कालीन प्रबंधक के द्वारा मूंग की खरीदी में लगभग 42 लाख रुपए कीमूंग में गड़बड़ी की गई है। इस पर प्रशासक के द्वारा एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। वहीं पर आरोपी लगभग 1 वर्ष से फरार हैं अभी तक गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। इसी तरह से पूर्व में कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर के प्रबंधक राघवेंद्र शर्मा के द्वारा भी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में अचानक बरसात होने से कई कुंतल गेहूं खराब हुआ था उसमें भी प्रशासक के द्वारा प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। रामपुर के मामले में प्रशासक प्रशासन पुलिस के द्वारा संपत्ति नीलाम करने के निर्देश दिए थे लेकिन शर्मा के द्वारा जबलपुर उच्च न्यायालय से स्टे लिया गया के कारण अभी तक मामला अटका हुआ है। वहीं पर मार्केटिंग सोसायटी तत्कालीन प्रबंधक के द्वारा मूंग खरीदी में जो गड़बड़ी की गई है उसमें अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है अपराधी ना ही अभी तक पुलिस के सामने अदालत में सरेंडर हुए हैं लेकिन 11 वर्ष पुराने मामले में अदालत के द्वारा जो निर्णय दिया गया है उसे निर्णय के बाद से अब मूंग के आरोपियों में हलचल प्रारंभ हो गई है और उनके दिल की धड़कनें भी बढ़ने लगी है। अभी तक लोगों को यह एहसास होता था कि सहकारिता में घपला करने पर कुछ नहीं होता है। न्यायालय ने समाज में संदेश देने के लिए जो आदेश जारी किए हैं उसे न्यायालय से लोगों की आशा बढ़ने लगी है। हालांकि यह बात भी निकाल कर सामने आई है कि अदालत के द्वारा जो निर्णय दिए गए हैं उसमें कुछ लोगों को प्रबंधक के द्वारा फसाया गया है जिन्हें किसी प्रकार की जानकारी ही नहीं थी। से दिन में मुख्य रूप से नवनीत सिंह नागपाल एवं सतीश जायसवाल इन दोनों लोगों के नाम चर्चा में आए हैं जिन्हें प्रबंधक के द्वारा फसाया गया है।

# लोकसभा चुनाव के बाद पर्यटकों की संख्या बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा पर्वत की श्रृंखलाओं के बीच बसा मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में पर्यटकों का आवागमन मैं वृद्धि हुई है। लोकसभा चुनाव के चलते अप्रैल माह में पर्यटकों के आगमन में कमी आई थी परंतु मई में पर्यटकों के आवागमन में तेजी आई है। पर्यटकों के आगमन हेतु मध्य प्रदेश पर्यटन द्वारा सदैव की भाँति फिर से पर्यटकों के स्वागत हेतु उत्साहित है। इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश पर्यटन की होटल हाइलैंड में अपने यहां आए अतिथियों हेतु संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें लाइव सिंगिंग,लाइफ फूड काउंटर के साथ बेहद स्वादिष्ट विविध प्रकार के व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन से अतिथि भी बेहद रोमांचित एवं उत्साहित रहे। अतिथियों द्वारा बताया गया कि पचमढ़ी का मौसम बेहद सुहाना है व शाम के समय होटल द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम बेहद सराहनी है वह हमारे ग्रुप में ऐसा आयोजन एवं स्वादिष्ट व्यंजन भरपूर आनंद लिया। उक्त संगीत संध्या का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक पचमढ़ी ए यू खान के मार्गदर्शन में अनिल राय प्रबंधक होटल हाइलैंड द्वारा किया गया।

मध्य प्रदेश पर्यटन के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ए यू खान द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी परिवार सदैव ही अपने अतिथियों को उत्तम सेवाएं प्रदान करने हेतु आतुर रहता है व उनके ट्रिप को सुखद एवं यादगार बनाने हेतु इस प्रकार के आयोजन हमारे द्वारा निरंतर किया जा रहे हैं व आगामी पर्यटक मौसम में भी निरंतर विविध प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। जिसमें संगीत संध्या, फूड फेस्टिवल्स का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन परिवार द्वारा किए जाने वाले आयोजनों से पचमढ़ी में पचमढ़ी को देश में नई पहचान मिल रही है जिससे पचमढ़ी में आने वाले पर्यटकों की संख्या में अंतर वृद्धि हो रही है।

## खबर संक्षेप

### पिस्टल के साथ पकड़ाया आरोपी, एक साल की सजा

**हरदा।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को सजा सुनाई। इसमें छिडगांव में बिना लाइसेंस की पिस्टल के साथ पकड़ाए आरोपी को एक साल की सजा व एक हजार का जुर्माना लगाया। वहीं बीड़ में लकड़ी हटाने पर मारपीट करने वाले तीन आरोपियों पर न्यायालय ने एक-एक हजार का जुर्माना लगाया। मीडिया प्रभारी व एडीपीओ विनोद कुमार अहिरवार ने बताया 27 नवंबर 2018 को मतदान केंद्रों की चेकिंग के दौरान छिडगांव में मुखबिर की सूचना पर आरोपी गौतम पिता राधेश्याम विश्नोई की पेंट में बांई तरफ एक पिस्टल मिली। जेब में 2 राउंड जिंदा कारतूस व पिस्टल की मैगजीन खोलने पर 3 राउंड लगे मिले। गौतम के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं होने पर प्रकरण बनाकार कोर्ट में पेश किया। जहां बुधवार को कोर्ट ने आरोपी दोषी पाते हुए 1 साल का सश्रम कारावास और एक हजार जुर्माना लगाया। वहीं दुसरे मामले में इसी तरह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बीड़ में मारपीट के मामले में तीन आरोपियों मनोज पिता भीकाजी कावडे 36 साल, लक्ष्मण उर्फ लक्ष्मीनारायण पिता भीकाजी 25 साल और भीकाजी पिता प्रेमचंद 65 साल निवासी बीड़ को एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। आरोपियों ने 21 अप्रैल 2018 की सुबह करीब 9 बजे फरियादी हरिप्रसाद के घर के सामने लकड़ी पटक दी। जिसे हटाने का कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बेटे राहुल व अनिल, शोभाराम व नर्मदाप्रसाद ने आकर बीचबचाव किया तो उसके भतीजे अनिल को लक्ष्मण ने बाएं हाथ के पंजे पर लकड़ी से मारा व तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए एक-एक हजार का जुर्माना लगाया।

### बाइक की टक्कर में 8 लोग घायल

**हरदा।** जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम दीपगांवकला एवं सोमगांव के बीच गुरुवार शाम करीब 4 बजे दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में दो बच्चे सहित आठ लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम चौकी निवासी करण सिंह पिता रामेश्वर, सरस्वती बाई एवं रामकु बाई एक बाइक से सिराली में बाजार करने जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक में भवरपानी निवासी दो चचेरे भाई सुभाष पिता शंकर, रामकरण पिता मुन्ना अपनी बहन दुर्गा पति ओमप्रकाश ओर उसकी दो बेटियों गौरी एवं लक्ष्मी के साथ एक बाइक से चारुवा के पास ग्राम हीरापुरा से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार दोनों बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें पहले उपचार के लिए सिराली के सरकारी अस्पताल लाया गया। लेकिन राम करण और करण सिंह को गम्भीर चोट लगने के चलते सभी को उपचार के लिए देर शाम जिला अस्पताल भेजा गया है। जहां सभी का उपचार जारी है।

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**हरदा।** सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम खुदिया के पास एक युवक शनिवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कडोलाराघो का रहने वाला दीपक पिता अमरदास निशोद उम्र करीब 26 साल अपनी ससुराल खुदिया में होने वाले शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। शनिवार सुबह वह बाइक से अपने जॉब के लिए इंदौर जाने के लिए निकला था। इस दौरान खुदिया ओर सिराली के बीच अचानक नींद का झोंका आने से उसकी बाइक सड़क किनारे एक नीम के पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद उसे राहगीरों की मदद से सिराली के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसके बाएं पैर और हाथ में फैक्चर होने के बाद उपचार जारी है। घायल दीपक के पिता ने बताया कि वह इंदौर में प्राइवेट जॉब करता है।

## 13 मई होने वाले मतदान के लिए स्वीप गतिविधि के तहत किया प्रेरित

# नेपा मिल में अफसर व कर्मचारियों को दिलाई मतदान करने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

सोमवार को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत आमजन को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी भारत सरकार की पेपर मिल नेपा लिमिटेड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न स्वीप गतिविधियों जैसे रंगोली प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मिल के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया पिछले कई दिनों से मतदान के महत्व को लेकर नेपा लिमिटेड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प दिलाया गया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान 18 साल या उससे अधिक आयु के हर भारतीय नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। लोकतंत्र में मतदान हमारा अधिकार भी है और जिम्मेदारी भी। जिसे हम सभी ने निर्भय होकर पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ निभाना चाहिए।

इस अवसर पर रंगोली और नारा लेखन प्रतियोगिता के विजताओं को पुरस्कृत भी किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में आईटी विभाग की प्रशिक्षु कनक एकनाथ गुरव को प्रथम, सामान्य प्रशासन विभाग की खुशी पदराम को द्वितीय तथा कार्मिक एवं प्रशासन विभाग की सुषमा गौर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विपणन विभाग के प्रशांत सोनी, सतर्कता विभाग के विवेक भागवत को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली में काजोल बुग्गीवाला, सुषमा गौर, लक्ष्मी सेन, सपना दुबे, अदिति कलोसिया, कनक गुरव, प्रियंका गाढ़े, पल्लवी पटेल, तारणी नागवंशी को सम्मानित किया गया। इस दौरान नेपा मिल के महाप्रबंधक विपणन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत विभाग सुमंत कानफाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक सतर्कता विभाग एके त्यागी, उप प्रबंधक वित्त, लेखा सीएन वर्मा, नेपा मिल श्रमिक संघ के संजय पवार सहित मिल के कईं अफसर, कर्मी उपस्थित थे।

### पोरवाड़ परिवार ग्रुप ने सामूहिक रूप से ली मतदान की शपथ

*खंडवा। अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर पोरवाड़ परिवार ग्रुप खंडवा के सदस्यों ने आने वाली 13 तारीख को होने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित में अपने मताधिकार का उपयोग पूर्ण निष्ठा और कर्तव्यों के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पुष्ट करने के लिए सामूहिक रूप से मतदान करने की शपथ ली। समाज के प्रेमांशु जैन ने बताया कि शपथ अधिवक्ता रंजन जैनी ने उदघोषित की। दीपिका, नितिन रानी, मिलन वैशाली, प्रणय अंजू, राजीव अंशुमा, अतुल सारिका, अजय राखी, दीपांशु सोनाली, आलोक सोनाली, प्रजेश मोना, प्रिंस प्रज्ञा, प्रत्युष श्वेता, कमलेश सोनाली, चिंतन प्रज्ञा, अंकुर रानी, प्रसंग आरती, अनुराग मून ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कर मतदान करने का संकल्प लिया।*

## बैंक, बिजली प्रकरणों में हुए समझौते

# जिला न्यायालय में लगी नेशनल लोक अदालत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिला न्यायालय में शनिवार को नेशनल लोक अदालत लगी। इस दौरान विभिन्न बैंकों के स्टाल लगाए गए। वसूली के प्रकरणों में आपसी राजीनामा से सुलह हुई।

वहीं बिजली कंपनी की ओर से भी बकायादारों आदि को लेकर स्टाल लगाया गया था। कईं मामलों में समझौते हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर इस लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। इसे लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में काफी दिनों से प्रचार प्रसार किया जा रहा था। लोक अदालत के माध्यम से निराकृत होने वाले प्रकरणों में किसी पक्ष की हार नहीं होती। पक्षकारों के बीच मनभेद पूरी तरह से खत्म कर प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कराया जाता है।

### ये प्रकरण रखे गए

लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सभी दीवानी, समझौता योग्य, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा, पारिवारिक प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, विद्युत प्रकरण, श्रम व रोजगार, बैंक मनी रिकवरी, प्रीलिटिगेशन, संपत्तिकर, बिजली व जल कर सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण सुलह, समझौते के आधार पर किया गया।

### सीबीएसई: 20 मई के बाद आएगा रिजल्ट

**सीहोर।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 20 मई को घोषित करने की बात कही है। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा के अंकों को सत्यापित करने का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इसके तहत ऐसे सभी छात्र जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं होंगे।

# प्रशिक्षण लेने भोपाल गई बहनें



**हरदा।** दुर्गा वाहिनी बहनें शनिवार को हरदा से भोपाल के लिए रवाना हुई। भोपाल में एक वर्ग प्रशिक्षण में आत्मनिर्भर के गुण सेवा संस्कार दंड चलाना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण लेकरआने के आड़ जिले के हरदा खिड़कियां टिमरनी रहटगाव सिराली आदि जगह पर दो तीन दिन का प्रशिक्षण देकर और महिलाओं को लड़कियों को प्रशिक्षित करेंगी। शिक्षिका के रूप में तनुश्री, सोनिया झिझोरे ,कनक बिल्लोरे सिखाएंगी। यह वर्ग 10 से 12 तक और दुर्गावाहिनी का वर्ग12 से 19 तक प्रशिक्षण रहेगा। जिला संयोजिका रेखा विश्नोई, जिला सहसंयोजिका कमला सोनी, विहिप के जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर राजपूत और संतोष सोलंकी, संजय सोनी, उपस्थित थे।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पूजन, अभिषेक किया

# पहले भगवान परशुराम का, गोधूलि बेला में किया गो पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बड़ा मंदिर में भगवान परशुराम का पूजन, अभिषेक किया गया। इसके बाद हवन एवं महाआरती की गई।



आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित, पंडित भागीरथ शर्मा, पंडित हरिओम जोशी, पंडित मुरलीधर व्यास, पंडित विमल तिवारी, पंडित दीपक जोशी, पंडित प्रह्लाद अग्निहोत्री, पंडित राजेश व्यास, गणेश शर्मा, पंडित लक्ष्मणाचार्य, पंडित विशाल पुजारी के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। महाआरती के बाद कन्यभोज हुआ। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, मनोहरलाल शर्मा, अध्यक्ष राजेश पाराशर, कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित, महामंत्री सुनील तिवारी, संयोजक नितेश बादर, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी, लोकेश शर्मा, युवा इकाई अध्यक्ष संदीप पुरोहित, सचिव अमित दुबे, महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु सहित समाजजन उपस्थित थे।

### गो ग्रास खिलाया

सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने शाम को गोधूलि बेला में दयोदय गौशाला पहुंचकर गौवंश को गौ ग्रास खिलाया। इसके बाद उन्हें चुनरी पहनाकर पूजन किया। वहीं आरती की। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाराशर ने कहा कि गो पूजन सौभाग्य की बात है,उन्होंने सभी से गोशाला में सहयोग कर पुण्य लाभ की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### विष्णु सहस्त्रनाम पाठ

सर्व ब्राह्मण समाज सदस्यों एवं विराट विष्णु सहस्त्रनाम मंडल द्वारा शाम को 7 बजे से बड़ा मंदिर में विष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया गया।रात को सदस्यों ने परशुराम चौक पर दीप प्रज्वलित कर सभी को परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी। इस दौरान पंडित लक्ष्मीनारायण बादर, पंडित मनोहरलाल शर्मा,पंडित चंद्रकांत शुक्ला,अध्यक्ष राजेश पाराशर ने पूजन किया।


## देर रात लगी बैंक में आग

# दीवार तोड़कर फायर ब्रिगेड टीम ने पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मंडी थाना के आगे डीसीबी बैंक में देर रात आग लग गई। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के प्रयास किए और बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नही हो सका है, संभावना जताई जा रही है कि संभवतः शार्ट सर्किट से आग लगी होगी। जानकारी के अनुसार श्यामपुर मार्ग पर बीती रात डीसीबी बैंक में आग लग गई। लोगों ने बैंक से धुआं निकलता हुआ देखा और फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी। बैंक के अंदर आग होने के कारण आग पर काबू मुश्किल हो रहा था तब बैंक की दीवार तोड़कर आग बुझाई गई। आग से कितना नुकसान हुआ है यह बैंक के खुलने पर ज्ञात हो सकेगा। इस मामले में फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य आरिफ ने बताया कि आग की सूचना रात लगभग 10:30 बजे प्राप्त हुई थी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी।

# प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर पर्याप्त टीन शेड की व्यवस्था हो : जनमंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भुसावल की ओर जाने वाले अप ट्रैक के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर चल रहे विकास कार्यों के चलते फिलहाल समस्त रेल आवागमन प्लेटफॉर्म नंबर 6 से ही किया जा रहा है। प्लेटफार्म नंबर 6 पर यात्रियों को हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग जनमंच सदस्यों ने रेल अधिकारियों से की। अभी प्लेटफार्म नंबर 6 पर मई अंत तक रेल यात्रियों की भीड़ रहेगी, इस समय मई महीने में तापमान अपने चरम पर रहता है। अतः यहां पर पर्याप्त टीन शेड और शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। इधर प्लेटफार्म नंबर एक पर कंक्रीट बेस का कार्य तेजी से चल रहा है, यहां पर 570 मीटर की पटरियां बदली जा रही हैं। यह कार्य 26 मई तक पूर्ण हो जाने की संभावना हैं। प्लेटफार्म 1 को यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए कंक्रीट बेस और प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जा रहा है। जनमंच सदस्य चंद्र कुमार सांड,कमल नागपाल,अनुराग बंसल ने प्लेटफॉर्म नंबर एक के निर्माण कार्यों को देखा और 6 नंबर प्लेटफार्म पर भी यात्री सुविधाओं को देखा।

# नेपानगर में हुआ भारतीय जनता युवा मोर्चा का युवा सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

नेपानगर के अणुव्रत भवन में शुक्रवार रात भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान नेपानगर विधायक मंजू दादू, भाजपा नेता गजेंद्र पाटिल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने संबोधन दिया। भाजपा नेता गजेंद्र पाटिल ने कहा कार्यकर्ताओं के कारण ही आज भाजपा विश्व की नंबर वन पार्टी है। इसमें कार्यकर्ता तन, मन, धन से जुटकर काम करते हैं। नेपानगर विधायक मंजू दादू ने कहा हमें हमेशा से ही नेपानगर से प्यार मिला है। सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी विचार रखे। इस दौरान बुरहानपुर के पूर्व महापौर अनिल भोंसले, संजय जाधव, प्रदीप जाधव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वैभव महाजन, विक्रम सिंह चौहान, विश्वास शिवहरे, मधु चौहान, सचिन गोपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव में कल होने वाले मतदान के लिए तैयारी

# घर-घर पीले चावल देकर मतदान का दिया आमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा चुनाव के लिए खंडवा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मांधाता, खंडवा एवं पंधाना के विभिन्न ग्रामों में घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मतदान करने संकल्प भी दिलाया जा रहा है। श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में ओपीडी में आए मरीजों, उनके परिजनों, एवं कर्मचारियों को मतदाता जागरुकता की शपथ सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार सिह द्वारा दिलवाई गई।

### मतदान कर्मियों का तृतीय रेंडमाइजेशन संपन्न



*खंडवा। लोकसभा चुनाव के लिए खंडवा संसदीय क्षेत्र में समाविष्ट जिले देवास, बुरहानपुर एवं खरगोन के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त किये जाने वाले माइक्रो ऑब्जर्वर तथा मतदान कर्मियों का तृतीय रेंडमाइजेशन शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक देबाशीष दास एवं कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अनूप कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी खतेड़िया व सभी विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे।*

# गणगौर माता को नम आंखों से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में पवित्र वैशाख के महीने बीते नौ दिनों से चल रहे गणगौर महोत्सव की धूम शुक्रवार शाम को थम गई। माता को गणगौर गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने विदाई दी गई। वही देर शाम नदी के घाटों पर ज्वारों का विसर्जन कर माता रानी से क्षेत्रवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखने की कामना की गई। इस मौके पर ग्राम कांकरिया में पूर्व मंत्री कमल पटेल ने भी माता रानी के रथ को सिर पर रखकर विदाई समारोह में हिस्सा लिया।

वहीं मातारानी से आशीर्वाद लेकिन क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। जिले में अलग-अलग गांवों सहित जिला मुख्यालय पर गणगौर स्थल से एक विसर्जन जुलूस निकालकर नम आंखों से रनुबाई को विदाई दी गई। ज्वारों का विसर्जन किया गया। जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से निकाला गया। इस दौरान महिलाओं ने रनुबाई के विदाई गीत गाए। इस दौरान महिलाओं ने रनुबाई ओर धनियर राजा के रथ की पूजा कर अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वही चल समारोह में महिलाओं ने रनुबाई के विदाई गीत गाए। विगत 9 दिनों में रात्रि में अंचल की विभिन्न मंडलियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

